# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

## सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति – दिनाकं 09.07.2024

### 1.थाना एक्सप्रेस-वे नोएडा पुलिस द्वारा 24 घण्टे के अन्दर चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 03 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का विंडो एसी व 02 लोहे की छड़ बरामद।

**घटना का संक्षिप्त विवरण--** दिनांक 08.07.2024 को थाना एक्सप्रेस-वे क्षेत्र के अंतर्गत Ds Shivaly Animal Wellness centre Sector-135, Noida की दीवार पर लगा एक विंडो ए.सी. व अन्य उपकरण अज्ञात चोरों द्वारा चोरी करने के सम्बन्ध में थाना एक्सप्रेस-वे पर मु0अ0सं0 116/24 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। उपरोक्त घटना के शीघ्र अनावरण हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया था।

**कार्यवाही का विवरण--** दिनांक **09.07.2024** को थाना एक्सप्रेस-वे पुलिस द्वारा मात्र 24 घण्टे के अन्दर उक्त चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से एबीसी तिराहा के पास से चेकिंग के दौरान 03 अभियुक्त (1)विकास पुत्र राकेश (2)फहीम पुत्र नदीम (3)लक्षांश उर्फ लक्की पुत्र रवि को **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी किया गया विंडो एसी टाटा कम्पनी व 02 लोहे की छड़ एवं चोरी का सामान ले जाने में प्रयुक्त ई-रिक्शा(सीजशुदा) बरामद हुए है।

पूछताछ के दौरान अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि दिनांक 08.07.2024 की रात्रि में वाजिदपुर टी पाइन्ट के पास डॉग हॉस्पिटल से यह सामान उनके द्वारा चुराया गया था जिसे आज वह ई-रिक्शा में लेकर जा रहे थे। उक्त घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा के सम्बन्ध में अभियुक्त विकास से वाहन के कागजात मांगे गये तो कागज न दिखाने पर ई-रिक्शा को मौके पर ही अंतर्गत धारा 207 एम.वी. एक्ट में सीज किया गया। विवेचना के दौरान प्रकाश में आया कि अभियुक्तों द्वारा घरों मे किराये पर ए.सी लगाने का कार्य किया जाता है एवं इनके द्वारा ही ए.सी आदि की चोरी की जा रही थी।

**बरामदगी का विवरण--**

1. अभियुक्तों के कब्जे से 01 टाटा कम्पनी का विन्डो ए.सी
2. 02 लोहे के स्टैण्ड की छड़
3. घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा

**अभियुक्तों का विवरण--**

1. विकास पुत्र राकेश निवासी ग्राम सुल्तानगंज, थाना बिछवां, जिला मैनपुरी, वर्तमान पता ग्राम छपरौली, सेक्टर-168, नोएडा, उम्र 26 वर्ष।
2. फहीम पुत्र नदीम निवासी ग्राम बुढीना, थाना तितावी, जिला मुजफ्फरनगर, वर्तमान पता ग्राम छपरौली, सेक्टर-168, नोएडा, उम्र 19 वर्ष।
3. लक्षांश उर्फ लक्की पुत्र रवि निवासी ग्राम नगला जिला बागपत वर्तमान पता ग्राम अगाहपुर, थाना सेक्टर-49, नोएडा, उम्र 19 वर्ष।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण--**

1. मु0अ0सं0 116/24 धारा 303(2) बीएनएस थाना एक्सप्रेस-वे, गौतमबुद्धनगर।

## 2. नारकोटिक्स सेल एवं थाना सेक्टर-63 नोएडा पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए 01 गांजा तस्कर अभियुक्ता गिरफ्तार, कब्जे से 17 किलो 100 ग्राम गांजा (कीमत करीब 2,00,000 रूपये) बरामद।

**कार्यवाही का विवरण--** दिनांक **09.07.2024** को नारकोटिक्स सेल एवं थाना सेक्टर-63 नोएडा पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए लोकल इंटेलिजेंस व बीट पुलिसिंग की सहायता से 01 गांजा तस्कर अभियुक्ता रहिमा पत्नी लतीफ मिया को जी-ब्लॉक, सेक्टर-63 ग्रीन बेल्ट में बने सरकारी नलकूप के सामने कही जाने के लिए सवारी के इंतजार में खड़े हुए **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्ता के कब्जे से 17 किलो 100 ग्राम गांजा (**कीमत करीब 2,00,000 रूपये**) बरामद किया गया है।

अभियुक्ता रहिमा से बरामद गांजे के संबंध में पूछताछ की गयी तो उसके द्वारा बताया गया कि वह आर्थिक लाभ कमाने के लिए पश्चिम बंगाल राज्य से गांजा लेकर आती है तथा नोएडा सहित समस्त एनसीआर क्षेत्र एवं दिल्ली में गांजे की सप्लाई करती है। अभियुक्त रहिमा उपरोक्त एक शातिर किस्म की गांजा तस्कर अभियुक्ता है, जो इससे पूर्व जीआरपी थाना गाजियाबाद से भी 50 किलोग्राम गांजे सहित जेल जा चुकी है।

**अभियुक्ता का विवरण--**

1. रहिमा पत्नी लतीफ मिया निवासी झुग्गी झोपड़ी अमरपाली ग्रीन वेली के पास, थाना बिसरख, गौतमबुद्धनगर मूल पता सिदिलखुशी कुच, बिहार पश्चिम बंगाल (उम्र 45 वर्ष)।

**बरामदगी का विवरण--**

1. 17 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा (**कीमत करीब 2,00,000**) बरामद।

**पंजीकृत अभियोग/आपराधिक इतिहास का विवरण--**

1. मु0अ0सं0 295/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना सेक्टर-63, नोएडा।
2. मु0अ0सं0 81/2023 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना जीआरपी, गाजियाबाद।

## 3.थाना बिसरख पुलिस और लूट/छिनैती करने वाले शातिर बदमाश के बीच मुठभेड़ के सम्बन्ध में-

**कार्यवाही का विवरण--** दिनांक **09.07.2024** को थाना बिसरख पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान एक स्पलेन्डर मोटरसाइकिल जिसपर एक संदिग्ध व्यक्ति सवार था को न्यू हैबतपुर टी पाइन्ट के पास रूकने का इशारा किया गया किन्तु वह नहीं रुका और तेज रफ्तार से यूटर्न लेकर नया हैबतपुर गांव के पीछे कब्रिस्तान की तरफ भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर रास्ता खराब होने के कारण उपरोक्त मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई जिसपर मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति खाली जगह की तरफ भागते हुए पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से अवैध

असलाह से फायर करने लगा। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ हेतु की गयी जवाबी कार्रवाई में बदमाश नकीब उर्फ हासिम पुत्र छिद्दू मिस्त्री निवासी लोकप्रिय विहार, खोडा कॉलोनी, थाना खोडा जिला गाजियाबाद उम्र 21 वर्ष को पैर में गोली लगने से घायल अवस्था में **गिरफ्तार** किया गया है। घायल बदमाश के कब्जे से 01 अवैध तमंचा .315 बोर मय 01 खोखा कारतूस व 02 जिन्दा कारतूस .315 बोर व एक स्पलेन्डर मोटरसाइकिल रंग काला बिना नम्बर प्लेट व मु0अ0सं0 521/2024 धारा 309(4) बीएनएस से सम्बन्धित लूटी गई चेन बिक्री के 20,450 रूपये बरामद हुए है। घायल बदमाश के द्वारा बताया गया कि मैने अपने साथी के साथ व्हाइट ओर्चिट सोसायटी के सामाने से एक महिला के गले से चेन छिनी थी। आज भी बदमाश लूट/छिनैती की घटना की फिराक में घूम रहा था। घायल बदमाश के विरूद्ध दर्जनो अभियोग पंजीकृत है। घायल बदमाश को इलाज हेतु अस्पताल भिजवाया जा रहा है। अभियुक्त के आपराधिक इतिहास व अन्य विस्तृत जानकारी की जा रही है। बदमाश के अन्य साथी की तलाश हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया है। शीघ्र ही इसके साथी को भी गिरफ्तार किया जायेगा।

**अभियुक्त का विवरण--**

1. नकीब उर्फ हासिम पुत्र छिद्दू मिस्त्री निवासी लोकप्रिय विहार, खोडा कॉलोनी, थाना खोडा जिला गाजियाबाद उम्र 21 वर्ष।

**आपराधिक इतिहास का विवरण--**

1. मु0अ0सं0 175/2024 धारा 391/411/413 भादवि थाना इन्द्रापुरम, जिला गाजियाबाद।
2. मु0अ0सं0 193/2023 धारा 34/392/411 भादवि थाना इन्द्रापुरम, जिला गाजियाबाद।
3. मु0अ0सं0 228/2023 धारा 411/414 भादवि थाना इन्द्रापुरम, जिला गाजियाबाद।
4. मु0अ0सं0 377/2023 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना इन्द्रापुरम, जिला गाजियाबाद।
5. मु0अ0सं0 736/2022 धारा 392 भादवि थाना इन्द्रापुरम ,जिला गाजियाबाद।
6. मु0अ0सं0 1557/2022 धारा 392/411 भादवि थाना इन्द्रापुरम, जिला गाजियाबाद।
7. मु0अ0सं0 1689/2022 धारा 392/411 भादवि थाना इन्द्रापुरम, जिला गाजियाबाद।
8. मु0अ0सं0 1725/2023 धारा 392/411/413 भादवि थाना इन्द्रापुरम, जिला गाजियाबाद।
9. मु0अ0सं0 659/2022 धारा 34/392/411 भादवि थाना कौशाम्बी, जिला गाजियाबाद।
10. मु0अ0सं0 676/2022 धारा 392/411/34 भादवि थाना कौशाम्बी, जिला गाजियाबाद।
11. मु0अ0सं0 692/2022 धारा 34/392/411 भादवि थाना कौशाम्बी, जिला गाजियाबाद।
12. मु0अ0सं0 245/2023 धारा 392 भादवि थाना कौशाम्बी, जिला गाजियाबाद।
13. मु0अ0सं0 410/2023 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना खोडा, जिला गाजियाबाद।

14.मु0अ0सं0 400/2023 धारा 379/411 भादवि थाना खोडा, जिला गाजियाबाद।

15.मु0अ0सं0 112/2024 धारा 379/411 भादवि थाना खोडा, जिला गाजियाबाद।

16.मु0अ0सं0 521/2024 धारा 309(4) बीएनएस थाना बिसरख, जिला गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी का विवरण--**

1. 01 अवैध तमंचा .315 बोर मय 01 खोखा कारतूस व 02 जिन्दा कारतूस .315 बोर
2. एक स्पलेन्डर मोटरसाइकिल रंग काला बिना नम्बर प्लेट
3. मु0अ0सं0 521/2024 धारा 309(4) बीएनएस से सम्बन्धित लूटी गई चेन बिक्री के 20,450 रूपये